**GREENLAWNS HIGH SCHOOL**

**1st PRELIMINARY EAMINATION YEAR 2020 – 2021**

**SUBJECT : HINDI** **CLASS – X**

**TIME : 2 ½ HOURS** **MARKS – 60**

---

**Answer to this paper must be written on the paper provided separately. You will not be allowed to write during the first 10 minutes . This time is to be spent in reading the question paper . The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers .**

**This paper comprises of two Sections : Section A and Section B**

**Attempt all the questions from Section A .**

**Attempt Three questions from Section B, answering at least one question each from the two books. You have studied and any one other question from the same books you have compulsorily chosen.**

## SECTION - A ( 30 MARKS )

## (ATTEMPT ALL QUESTIONS)

प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में प्रस्ताव लिखिए । (15 )

**1)** कंप्यूटर तथा मोबाइल मनोरंजन के साथ-साथ हमारी जरूरत का साधन अधिक बन गए हैं ।हर क्षेत्र में इनसे मिलने वाले लाभों तथा हानियों का वर्णन करते हुए अपने विचार लिखिए ।

**2)** अच्छे स्वास्थ्य के लिए भोजन, व्यायाम, आराम व योग का विशेष महत्व है । इस विषय पर प्रस्ताव लिखिए ।

**3)** मनुष्य के जीवन में परिश्रम का बहुत महत्त्व है ।उसकी सफलता एवं असफलता उसके श्रम पर निर्भर करती है ।वह अपने अथक परिश्रम से ही चंद्रमा तक पहुँचा है । 'छात्र-जीवन में श्रम का महत्त्व ' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।

**4)** एक मौलिक कहानी लिखिए,जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो--

'सठ सुधरहि सत संगति पाई '

**5)** नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए ।



प्रश्न 2) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । ( 7 )

**1)** अस्पताल के मुख्य चिकित्सा-अधिकारी को आभार प्रकट करते हुए एक पत्र लिखिए जिसमें यह बताइए कि उनके अस्पताल में आपकी छोटी बहन का बहुत अधिक ध्यान रखा गया । वहाँ के सेवा भाव के कारण ही वे लम्बी बीमारी के उपरांत पूरी तरह से ठीक हो गई ।

**2)** आजकल दूरदर्शन पर दिखाए जा रहे धारावाहिक में अन्धविश्वास और तांत्रिक विद्याओं को अधिक दर्शाया जा रहा है । दूरदर्शन पर अधिक समय बिताने वाली छोटी बहन को ऐसे धारावाहिक को न देखने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए ।

प्रश्न 3) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -

**1)** निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए - (1)
जाति, तुलना

**2)** निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - (1)
दीन , हिमालय

**3)** निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए - (1)
इष्ट, पंडित , पालक , भद्र

**4)** निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए - (1)
तलवे चाटना , दाँत पीसना

**5)** भाववाचक संज्ञा बनाइए - (1)
सीना , निराश

**6)** कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए - (3)

**(I)**वह सुबह उठकर चला गया ।( और शब्द का प्रयोग कीजिए)

**(II)** शेर ने हिरन का शिकार किया ।('द्वारा 'शब्द का प्रयोग कीजिए)

**(Iii)** तुलसीराम का उपन्यास हाथ-हाथ बिक गया । (वाक्य शुद्ध कीजिए)

**( SECTION - B )**

**( 30 MARKS )**

**<u>साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ</u>**

प्रश्न 4) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

"क्या ये बंदर पाल रखे हैं तूने?" फिर जरा हँसकर चित्रा बोली,"एक दिन तेरी पाठशाला का चित्र बनाना होगा ।लोगों को दिखाया करेंगे कि हमारी एक मित्र साहिबा थीं जो बस्ती के चौकीदारों,नौकरों और चपरासियों को पढ़ा -पढ़ाकर ही अपने को भारी पंडिताईन और समाज-सेविका समझती थीं ।"

**(I)**चित्रा ने बंदर किन्हें कहा है ? सुनकर अरुणा को कैसा लगा? [2]

**(II)**"एक दिन तेरी पाठशाला का चित्र बनाना होगा ।"**-**वक्ता का इन शब्दों से क्या अभिप्राय है? समझाकर लिखिए । [2]

**(Iii)** 'पंडिताईन ' व 'समाजसेविका' से आप क्या समझते हैं? क्या श्रोता में ये दोनों गुण थे? समझाकर लिखिए । [3]

**(Iv)** वक्ता का पूरा परिचय लिखते हुए बताइए कि उसकी जीवन में क्या बनने की की अभिलाषा थी? क्या वह उसमें सफल हुईं? समझाकर लिखिए । [3]

प्रश्न 5) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :-

" **विपत्ति में भी मेरे पति ने धर्म नहीं छोड़ा। धन्य हैं मेरे पति! सेठ के चरणों की रज मस्तक पर लगाते हुए बोली, "धीरज रखें, भगवान सब भला करेंगे।"**

(I)उपर्युक्त अवतरण की वक्ता का परिचय दीजिए [2]

(II) वक्ता ने अपने पति की रज मस्तक पर क्यों लगाई? स्पष्ट कीजिए [2]

( III) सेठानी भौचक्की-सी क्यों खड़ी हो गई? समझाकर लिखिए । [3]

(Iv) कहानी का उद्‌देश्य स्पष्ट कीजिए । [3]

## <u>साहित्य सागर - पद्‌य विभाग</u>

प्रश्न 6) निम्नलिखित पद्‌यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए ।

**धर्मराज यह भूमि किसी की, नहीं क्रीत है दासी,**
**हैं जन्मना समान परस्पर, इसके सभी निवासी।**
**सबको मुक्त प्रकाश चाहिए, सबको मुक्त समीरण,**
**बाधा-रहित विकास, मुक्त आशंकाओं से जीवन।**
**लेकिन विघ्न अनेक सभी इस पथ पर अड़े हुए हैं,**
**मानवता की राह रोककर पर्वत अड़े हुए हैं।**
**न्यायोचित सुख सुलभ नहीं जब तक मानव-मानव को,**
**चैन कहाँ धरती पर तब तक शांति कहाँ इस भव को।**

(I)धरती पर शांति के लिए क्या आवश्यक है? समझाकर लिखिए । [2]

(II)कवि ने भूमि के लिए किस शब्द का प्रयोग किया हैं और क्यों?स्पष्ट कीजिए । [2]

(III)भीष्म पितामह युधिष्ठिर को किस नाम से बुलाते है? क्यों? समझाकर लिखिए । [3]

**(Iv)**शब्दार्थ लिखिए - क्रीत, जन्मना, समीरण, भव, मुक्त, सुलभ। [3]

प्रश्न 7) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए ।

मैया, मैं तौ चंद-खिलौना लैहौं।
जैहौं लोटि धरनि पर अबहीं, तेरी गोद न ऐहौं॥
सुरभी कौ पय पान न करिहौं, बेनी सिर न गुहैहौं।
ह्वै हौं पूत नंद बाबा को, तेरौ सुत न कहैहौं॥
आगैं आउ, बात सुनि मेरी, बलदेवहि न जनैहौं।
हँसि समुझावति, कहति जसोमति, नई दुलहिया दैहौं॥
तेरी सौ, मेरी सुनि मैया, अबहिं बियाहन जैहौं॥
सूरदास ह्वै कुटिल बराती, गीत सुमंगल गैहौं॥

(I)अपनी हठ पूरी न होने पर बाल कृष्ण अपनी माता को क्या-क्या कह रहे हैं? स्पष्ट कीजिए। [2]

(II)यशोदा माता श्रीकृष्ण को मनाने के लिए क्या कहती है?समझाकर लिखिए । [2]

(III) माँ यशोदा की बात सुनकर श्रीकृष्ण की क्या प्रतिक्रिया हुई?स्पष्ट कीजिए । [3]

(Iv) सूरदास जी वात्सल्य रस के सम्राट थे ।उदहारण सहित समझाइए । [3]